तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



11 शांति, विश्वास और प्रगति की पहचान बनेगा ताड़मेटला...





12 भाजपा का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास...




## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से बुजुर्ग की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत इरिकबुट्टा निवासी 64 वर्षीय विशरू राम दुग्गा पिता सुकदु दुग्गा को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक को 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे सांप ने काट लिया, जिससे के कारण उसका मौत हुआ। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सराधुनवागांव निवासी 40 वर्षीय विजय सेवता पिता आशाराम सेवता का गिरने से आई चोट के कारण मौत हो गया। डीकेएस अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक फिसलकर गिर गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां 13 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर की शराबखोरी, एक गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना चारामा पुलिस 5 अप्रैल की रात पुलिस टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कण्डेल पुल के पास कुछ लोग सार्वजनिक सड़क किनारे बैठकर शराब पी रहे हैं और शोर-शराबा कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी किया, जिसे देखकर कुछ लोग फरार हो गए। एक व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बालोद जिला के पुरूर थानांतर्गत मरकाटोला निवासी 35 वर्षीय पिरोहित उईके के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 36 (च)(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ।

### निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें, कलेक्टर की हिदायत



**कांकेर।** जिले में संचालित निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। समय-सीमा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। पिछले वर्ष प्राप्त लक्ष्य को आधार मानकर कार्ययोजना बनाने कहा गया। पुल-पुलिया, आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, मोबाईल टॉवर की स्थापना इत्यादि की प्रगति की समीक्षा भी उनके द्वारा की गई। जिला अस्पताल में नवनिर्मित भवन व ट्रामा सेंटर के लिए ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए गए। पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा भी की गई तथा सभी प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित राजस्व शिविरों में जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए भी कहा गया। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे एवं एएस पैकरा, सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद सीईओ व नगरीय निकायां के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईरागांव में तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत, 6 बकरियों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम ईरागांव में इन दिनों दहशत का माहौल है। जंगल से सटे इस शांत गांव में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक तेंदुए ने अचानक हमला कर एक ही झटके में 6 बकरियों को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में भय व्याप्त है और लोग अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

जानकारी के अनुसार ईरागांव निवासी भैयालाल कावड़े रोज की तरह अपनी बकरियों को चराने जंगल की ओर ले गए थे। बकरियों को खुले में चरने के लिए छोड़कर वे पास ही मछली पकड़ने चले गए। इसी बीच बकरियां धीरे-धीरे झुंड से अलग होकर दूर निकल गईं और उनकी नजरों से ओझल हो गईं। शाम तक जब भैया लाल बकरियों को वापस लाने पहुंचे, तो उन्हें कई बकरियां नहीं मिलीं। घर लौटने पर पता चला कि कुछ बकरियां अपने आप वापस आ गई हैं, लेकिन कुल 11 बकरियां लापता हैं। बाद में आसपास के जंगल में तलाश करने पर 6 बकरियों के अवशेष मिले, जिससे तेंदुए के हमले की पुष्टि हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत जंगल की ओर रुख किया और लापता बकरियों की तलाश शुरू कर दी। इस घटना ने एक बार फिर जंगल से सटे गांवों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की गंभीरता को उजागर कर दिया है। ग्रामीण अब वन विभाग से सुरक्षा के ठोस इंतजाम और मुआवजे की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## सुरक्षा के ठोस इंतजाम और मुआवजे की मांग



### वन विभाग ने जंगल नहीं जाने की अपील

वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। टीम द्वारा क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी के संकेतों की पुष्टि की जा रही है और आसपास के इलाकों में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और खासकर शाम के समय अकेले जंगल की ओर न जाएं। मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर बांधकर रखें और बच्चों को भी अकेले बाहर न भेजें।

## जंगलों में बढ़ी हलचल, बांस कटाई से वसूली की चर्चा तेज

# डेडलाइन खत्म हुए आज सातवाँ दिन कांकेर में 15 नक्सली अभी भी सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में नक्सल विरोधी अभियान को लेकर तय की गई डेडलाइन खत्म हुए आज सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन हालात अब भी चिंताजनक बने हुए हैं। सुरक्षा एजेंसियों के लगातार प्रयासों के बावजूद 15 नक्सली अब भी सक्रिय बताए जा रहे हैं, जो न केवल सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में अपनी मौजूदगी का एहसास भी करवा रहे हैं। इस बीच खुफिया तंत्र की सटीक जानकारी के अभाव में इन नक्सलियों तक पहुंच पाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

■ खुफिया तंत्र की सटीक जानकारी नहीं होने से पुलिस की चुनौती बढ़ी

सूत्रों के अनुसार, इन सक्रिय नक्सलियों की तलाश में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। जंगलों में दिन-रात गश्त बढ़ा दी गई है, वहीं संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी जा रही है। बावजूद इसके, नक्सलियों का सुराग नहीं मिल पाना कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि नक्सली अब पहले की तरह संगठित रूप से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे समूहों में बंटकर गतिविधियां चला रहे हैं, जिससे उन्हें पकड़ना और मुश्किल हो गया है। इधर पश्चिम वनमंडल क्षेत्र से एक और गंभीर बात सामने आ रही है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि ⏭ शेष पेज 10 पर



डेडलाइन खत्म : कांकेर में अभी भी 15 नक्सली सक्रिय, मारे जाएंगे या करेंगे सरेंडर

नहीं पहुंच पाए बचे नक्सलियों तक

2024 में जिले में आए थे दोनों नक्सली

शांति स्थापना के लिए उठाएंगे हर कदम

ये नक्सली सक्रिय

### रणनीति तैयार की गई

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा का कहना है कि नक्सलियों की तलाश के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है और खुफिया नेटवर्क को और मजबूत किया जा रहा है। तकनीकी संसाधनों के साथ-साथ स्थानीय सूचना तंत्र को भी सक्रिय किया जा रहा है, ताकि नक्सलियों की सही लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा, जवानों को सतर्क रहने और हर सूचना पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के बचे 05 नक्सली

सुकदास उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा और होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर सक्रिय है।

### संदिग्ध गतिविधियां कुछ दिन से बढ़ी

गांव के लोगों का कहना है कि जंगलों में अचानक कुछ संदिग्ध गतिविधियां बढ़ी हैं। रात के समय अजनबी लोगों की आवाजाही देखी जा रही है, जिससे लोग दहशत में हैं। कई ग्रामीण खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं, लेकिन अंदर ही अंदर डर का माहौल साफ नजर आ रहा है।

### परतापुर एरिया कमेटी के बचे 10 नक्सली

रूपी पति विजय रेड्डी निवासी आंध्र प्रदेश, चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा, जिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर, कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर, लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर सक्रिय है।

## नशे में लापरवाही से हुई मौत, दोस्त को ट्रक से कुचलने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र में हैलीपेड में एक दर्दनाक हादसे ने दोस्ती को मातम में बदल दिया। शराब के नशे में लापरवाही ने वाहन चालक की जान ले ली और अब पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश कुमार ध्रुव की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल मार्गदर्शन और एसडीओपी शेरबहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रहलाद यादव ने विशेष टीम का गठन किया। पुलिस को जानकारी मिली कि 25 वर्षीय आरोपी डिगेश्वर उर्फ डिग्गू नुरेटी ने अपने जन्मदिन को मनाने के लिए 4 अप्रैल की रात को दोस्तो के साथ हेलीपैड में एकत्र हुए और जन्मदिन का जश्न मनाया। हेलीपैड के पास चली पार्टी में सभी ने शराब का सेवन किया। नशे की हालत में मृतक रितिक रोशन मरकाम ट्रक के सामने ही सो गया, जबकि अन्य दोस्त अपने-अपने घर लौट गए। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी को यह जानकारी थी कि उसका दोस्त ट्रक के सामने सो रहा है, इसके बावजूद उसने शराब के नशे में ही ट्रक चलाया। उसकी इस लापरवाही ने ⏭ शेष पेज 10 पर

■ हेलीपेड में मिला लाश का हुआ खुलासा

### आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में गया जेल

जांच के दौरान परिजनों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी की संलिप्तता स्पष्ट हुई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और उसे दियागांव के जंगल से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## बोलेरो की ठोकर से स्कूटी सवार गंभीर, पहुंचाया गया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बड़गांव से अपने घर सरंगपाल लौट रहें राजमिस्त्री सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगिरों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्ति बड़गांव से अपने स्कुटी में सवार होकर आ रहा था। घर पहुंचने के लिए महज कुछ किलोमीटर बाकी था कि बोलेरो वाहन के चलाक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।



थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे सरंगपाल निवासी 44 वर्षीय कार्तिक राम पटेल पिता स्व. जीवन लाल पटेल ने पुलिस को बताया कि राज मिस्त्री का काम करता हूं, मेरा बड़ा भाई चंद्रधर पटेल पिछले एक सप्ताह से बड़गांव अपने काम से गया था, जो मुझे फोन कर बताया था कि मैं घर आउंगा। वह 5 अप्रैल को अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 3596 से वापस घर संरगपाल आ रहा था कि रात्रि करीबन साढ़े 7 बजे मुझे हमारे गांव के रोशन कुंजाम का फोन आया और बताया कि आपका भाई चंद्रधर पटेल को जेपी इंटरनेशल स्कूल के पास बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 3320 के चालक प्राण सिंह यादव के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आपके भाई स्कुटी सहित रोड में गिर गया। एक्सीडेंट से आपके बड़े भाई को गंभीर चोटे आई है, जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 3320 का चालक प्राण सिंह यादव के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## चिचगांव के सरपंच की मोटरसाइकिल की चोरी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चिचगांव के सरपंच 27 मार्च की रात अपने साथी दीपांकर कोरेटी के साथ गांव के ही जगदीश कोर्राम के यहां आयोजित टिकावन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोनों ने अपनी मोटरसाइकिल सीजी 19 बीएफ 4179 को चैतराम मरकाम के घर के सामने खड़ा कर समारोह में शामिल हुए और रात करीब साढ़े 9 बजे वापिस लौटे तो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। चोरी हुई बाइक की कीमत करीबन 15 हजार रूपएं है। मामले में 6 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।



## दो ट्रकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत धमतरी के चालक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर बाईपास रोड पर रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में धमतरी निवासी ट्रक चालक की जान चली गई। जगदलपुर की ओर से आ रहें एक अन्य ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह दुखद घटना घटी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

■ नकेशरी चौक के पास हुआ हादसा, आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

जानकारी के अनुसार वेद प्रकाश नेताम ने पुलिस को बताया कि धमतरी जिला के श्यामतराई निवासी सागर नेताम धमतरी के ही जगजीवन सिंह के ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 5592 में चालक के रूप में कार्यरत थे। रविवार 5 अप्रैल की सुबह वह धमतरी से कोंडागांव के लिए निकले थे। सुबह करीब साढ़े 10 बजे जब उनका ट्रक कांकेर बाईपास रोड स्थित मनकेशरी चौक के पास पहुँचा, तभी जगदलपुर की ओर से आ रहें ट्रक क्रमांक 04 पीसी 9592 के चालक सागर मोहंती ने अपने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक सागर नेताम के सिर, छाती, चेहरे और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीसी 9592 का चालक सागर मोहंती के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। वही दूसरे पक्ष से ओड़िसा के ग्राम भुरसी निवासी सागर मोहंती पिता मनोज मोहंती ने पुलिस को बताया कि रणवीर पाढ़ी निवासी कोटपाड का ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 9592 मे ड्रायवरी का काम ⏭ शेष पेज 10 पर



## ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र पर उठाए गंभीर सवाल

# धर्मांतरण के आरोपों से सुलगा बड़ाटोला कार्रवाई की माँग, धमकियां भी दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम बड़ाटोला में कथित अवैध धर्मांतरण गतिविधियों को लेकर माहौल गरमा गया है। सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण एकजुट होकर जिला मुख्यालय पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सुनियोजित तरीके से महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जिससे सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है।

■ सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुँचकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



अनुविभागीय अधिकारी अरुण वर्मा एवं सहायक पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्मांतरण से इंकार करने वालों को झूठे मामलों में फंसाने और पुलिस-प्रशासन का भय दिखाने की धमकियां दी जा रही हैं। इससे गांव में भय और असंतोष का माहौल बन गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गांव के आश्रित ग्राम स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य सहायिका द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर प्रार्थना और प्रलोभन के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही उनके पति, जो कथित रूप से पास्टर हैं, द्वारा भी गांव में सक्रिय रूप से धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र भी विवाद के घेरे में है। सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर कावड़े ने कहा कि जागरूकता बढ़ने के बाद अब धर्मांतरण के लिए नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिनमें दबाव ⏭ शेष पेज 10 पर

## आम बीनने पर विवाद, दो महिलाओं को परिजनों ने दी जान से मारने दी धमकी

**कांकेर।** आम बिन रही दो महिला के बीच आपस में विवाद हो गया। उसी दौरान परिवार के अन्य सदस्य में मौके पर पहुंचे और लड़ाई झगड़ा कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थाना कोरर में शिकायत करने पहुंचे मरकाटोला निवासी 29 वर्षीय रूपा पटेल पति पवन कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि 5 अप्रैल को सुबह करीबन 7 बजे अपने घर के बाहर आंगन में आम बिन रही थी। उसी समय मेरे बड़े ससुर रामगुलाब की बहु रेखा पटेल भी आम बिन रही थी और मेरे साथ लड़ाई झगड़ा करने लगी। मेरी जेठानी मोनिका पटेल झगड़ा सुलझाने के लिए आई, तो मेरे बड़े ससुर रामगुलाब की बहु रेखा पटेल के द्वार मुझे और मेरी



जेठानी मोनिका पटेल को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मारपीट करने लगी। उसी समय मेरे बड़े ससुर रामगुलाब पटेल उनका लड़का अनिल पटेल भी आया और मेरे एवं मेरे जेठानी मोनिका के साथ झगड़ा करने लगे। मेरे बड़े ससुर रामगुलाब पटेल के द्वारा मेरे सिर में ईंटा मारा, जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट लगी और खून निकलने लगा। मेरे एवं मेरी जेठानी मोनिका पटेल ⏭ शेष पेज 10 पर

# 76 शराबी चालकों पर 7.60 लाख का जुर्माना, दुर्घटना की संख्या भारी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की सख्ती और जनता के सहयोग ने एक नई मिसाल पेश की है। नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई और जागरूकता अभियानों के चलते अब सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की जा रही है। आंकड़े इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनसहयोग साथ हों, तो बड़े बदलाव संभव हैं।

जिले में पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 76 प्रकरण दर्ज किए हैं और कुल 7 लाख 60 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई है। यह अभियान सिर्फ कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों में जागरूकता बढ़ाने का भी एक सशक्त माध्यम बना। इसका असर मार्च माह में साफ देखने को मिला, जहां सड़क दुर्घटनाओं में 80 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में जीरो एक्सीडेंट मिशन के तहत व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों को न्यूनतम करना और लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना रहा। पुलिस की सघन चेकिंग, नियमों का सख्ती से पालन और निरंतर निगरानी ने दुर्घटनाओं के आंकड़ों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**2025 की तुलना में कम हुए एक्सीडेंट :** वर्ष 2025 और 2026 के प्रथम त्रैमास जनवरी से मार्च की तुलना की जाए, तो स्पष्ट रूप से सुधार नजर आता है। वर्ष 2025 में जहां 101 सड़क दुर्घटनाएं और 66 लोगों की मौत दर्ज हुई थी, वहीं 2026 में यह आंकड़ा घटकर 82 दुर्घटनाएं और 59 मृतक रह गया है।

हालांकि जनवरी माह में मौसम की प्रतिकूलता, बढ़ते यातायात दबाव और लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं अधिक हुईं, लेकिन फरवरी में पुलिस की सख्ती और जागरूकता कार्यक्रमों के चलते इसमें कमी आने लगी। मार्च में इन प्रयासों का सबसे सकारात्मक परिणाम सामने आया, जहां दुर्घटनाओं में भारी गिरावट दर्ज की गई।

## प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनसहयोग साथ हों तो बड़े बदलाव संभव

### नशे में वाहन चलाना गंभीर अपराध

जिला यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि कानून के तहत नशे में वाहन चलाना एक गंभीर अपराध है। इसके लिए 10,000 रुपये तक का जुर्माना या 6 माह तक की सजा का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति दोबारा इस अपराध में पकड़ा जाता है, तो जुर्माना बढ़कर 15,000 रुपये तक और सजा 2 वर्ष तक हो सकती है। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई न केवल दंडात्मक है, बल्कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी कर रही है।




### यातायात ने उठाए महत्वपूर्ण कदम

सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्यता अभियान, स्कूल-कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार, तथा सड़क सुरक्षा सप्ताह जैसे आयोजन लगातार किए जा रहे हैं। इसके अलावा, पुलिसकर्मियों को रेडियम जैकेट, बेटन लाइट और सोल्डर लाइट जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे रात के समय भी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप

### बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर की गई चालानी कार्रवाई



**नारायणपुर।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देशानुसार तहसीलदार एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 17 मामलों में चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। अभियान के तहत पिकअप वाहनों का अवैध रूप से सवारी वाहन के रूप में उपयोग करने पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। साथ ही बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर भी सख्त कदम उठाते हुए चालान काटे गए। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा वाहनों का निर्धारित उपयोग ही करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिलेभर में आज मनाया जाएगा रोजगार दिवस और आवास दिवस

**कोण्डागांव।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन 7 अप्रैल से किया जाएग प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य आवास योजनाओं के लंबित कार्यों को 90 दिवस में पूर्ण करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में लाभार्थियों को स्वीकृत राशि की जानकारी देकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। स्व–सहायता समूहों को मिलेगा बढ़ावा दीदियों को सामग्री आपूर्ति और आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत मांग आधारित कार्य स्वीकृत कर शीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में पहल होगी।मोर गांव–मोर पानी एवं नवा तरिया अभियान के तहत जल संरक्षण कार्यों की योजना बनाई जाएगी।

### नगर पंचायत अध्यक्ष शोरी ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**केशकाल।** नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी ने आज विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम एवं पूर्व विधायक एवं कोंडागांव जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। केशकाल विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका के रूप में यह प्रवेश देखा जा रहा है। क्योंकि पूर्व में बिहारी लाल शोरी ने कांग्रेस पार्टी को समर्थन देकर भाजपा को हरवा कर कांग्रेस का अध्यक्ष बनवाया था। अब वही बिहारी लाल सॉरी जो निर्दलीय अध्यक्ष चुने गए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर विश्वास करते हुए आज विधायक निवास कार्यालय केशकाल में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। विधायक निवास कार्यालय में जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम जिला महामंत्री विजय पोया मंत्री रामेश्वर उसेंडी उपाध्यक्ष आकाश मेहता तरुण शाना एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बिहारी लाल शोरी ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण की है।

# कमल सदन में भाजपा स्थापना दिवस पर लहराया ध्वज और गूंजे राष्ट्रवाद के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कांकेर स्थित कमल सदन में सोमवार को उत्साह और गरिमा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने पार्टी ध्वज फहराकर 12 अप्रैल तक चलने वाले स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर पूरे परिसर में देशभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।

ध्वजारोहण के बाद कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दीप प्रज्वलन के साथ पार्टी के दिवंगत नेताओं को भी उनके योगदान के लिए स्मरण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया और उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयों का वितरण कर उत्सव का माहौल और भी खास बना दिया गया। इस मौके पर विधायक आशाराम नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने पार्टी के उस दृष्टिकोण को रेखांकित किया जिसमें आधुनिकता और भारतीय संस्कृति का समन्वय शामिल है। जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भाजपा के इतिहास और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी एक सशक्त राष्ट्रवादी सोच के साथ भारत को विश्व पटल पर अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली में भाजपा की स्थापना हुई थी, जिसके पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने थे।

आयोजित कार्यक्रम में भरत मटियारा, शालिनी राजपूत, सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, राजीव लोचन सिंह, संजय सिन्हा, अरुण कौशिक, दीपक खटवानी, डॉ. देवेंद्र कुमार साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, टिंकू दुग्गा, राकेश शर्मा, देवेंद्र सिंह भाऊ, ईश्वर कावड़े, घनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, समस्त पार्षदगण सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## धनेलीकन्हार मंडल में पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया

**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार ने पार्टी का स्थापना दिवस पूरे हर्षोलास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस धनेलीकन्हार मंडल के सभी 43 बूथों में बूथ अध्यक्ष व बूथ प्रभारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भारत माता व पूर्व प्रधानमंत्री व भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व अटल बिहारी वाजपेयी के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर स्थापना दिवस मनाया गया।

मंडल स्तर पर सभी कार्यकर्ता उपस्थित होकर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का झंडा फहराया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है,साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए पार्टी के रीति व नीति पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी नीति अनुसन्धान के प्रदेश प्रभारी विकेश हिचामी जी ने संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी पर विश्व को एक परिवार के रूप में देखती है,यह एक मात्र पार्टी है जो वसुदेव कुटुंब की बात करती है। भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार की योजनाओं से देश के प्रत्येक व्यक्ति का विकास हो रहा है। महिलाओं का सम्मान व उनकी सहभागिता राजनीति में बढ़ी है। महिलाओं को अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। एक दिन पूर्व मंडल में साफ सफाई का अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पुर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन व आभार महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मधु मंडावी ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, विकेश हिचामी, लक्ष्मी चिराम, नीतेश सलाम, अंकित टावरी, प्रिंस पाण्डेय, किशन भूआर्य, कृष्णा साहू, व्यास साहू, मिथलेश कावड़े, अखिलेश मिश्रा, मधु मंडावी, रमेश साहू, सालिक कुलदीप, संत साहू, वेद औरसा, आत्मा राम साहू, भुजबल तारम व सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## मंडल कोरर के सभी बूथों में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के सभी बूथों में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इसी तारतम्य में मांझीपारा कोरर में सामूहिक रूप से एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया एवं फल मिठाई वितरित किया गया।

भारतीय जनता पार्टी जिला कांकेर के जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को बताया कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर साल 6 अप्रैल को मनाया जाता है। पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में एक कन्वेंशन के दौरान हुई थी, जिसके पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे। 2026 में बीजेपी अपना 47 वां स्थापना दिवस मना रही है। भाजपा मंडल कोरर के मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बताया कि 6 अप्रैल 1980 जनता पार्टी से अलग होकर भारतीय जनसंघ के पुराने सदस्यों द्वारा भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई इसके प्रथम अध्यक्ष परम श्रद्धेय स्व अटल बिहारी वाजपेई थे। राष्ट्रवाद अंत्योदय एवं सुशासन की विचारधारा इसका मुख्य उद्देश्य माना साथ ही कमल का फूल इस पार्टी का प्रतीक चिन्ह रखा गया 1984 में सिर्फ 2 सीटों से शुरू होकर, पार्टी ने भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामदेव साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शंकर लाल यादव, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष योगेश कोमरा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल महामंत्री कुबेर कोसम, मेहत्तर राम, बिज्झवार गवर्नर, हरिराम कोसमा, हेमंत, बुधराम, जूनउराम नरेटी, प्रशांत भवार्य, उग्रेस यदु, कालिंद्री बाई यादव, रजई बाई, हीराबाई भैसारा, सुशीला बाई सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद के बलवे पर एक की हुई मौत, सात आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

थाना पखांजुर अंतर्गत ग्राम पीव्ही 27 ह्दयपुर में जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मामले में तत्परता दिखाते हुए पखांजुर पुलिस ने कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

घटना बीते कल की सुबह करीब 7 बजे की है। प्रार्थी गोपाल मजूमदार, जिवेश मजूमदार और उनके परिवार के अन्य सदस्य जब खेत में थे, तभी पड़ोस में रहने वाले आरोपी पक्ष ने लाठी, डंडा, लोहे के पाइप और टांगिया से लैस होकर उन पर हमला कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने जिवेश मजूमदार के सिर पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस हमले में गोपाल मजूमदार और परिवार के अन्य सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर गांव के पास से ही 7 आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों में 67 वर्षीय, रामचन्द्र राय, 38 वर्षीय राजबिहारी राय, 36 वर्षीय चांदमोहन राय, 32 वर्षीय चंदन राय, 37 वर्षीय राजेश राय, 30 वर्षीय विभूति राय और 82 वर्षीय भरत राय शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 3 लोहे की टांगिया, 1 लोहे का पाइप और लकड़ी के डंडे बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 (1), 109 (1), 191 (2), 191 (3) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मधुमक्खी के हमले से बालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत लंजोड़ा में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक बाजार में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है दोपहर 3 बजे अचानक हुए हमले में कई लोग मधुमक्खी के डंक के शिकार हो गए, जिसके चलते पूरे बाजार स्थल पर भगदड़ मच गई। वहीं इस घटना में 14 वर्षीय बालक बसंत कुर्रे पिता बलवीर कुर्रे सैकड़ो मधुमक्खी के डंक का शिकार हो गया। उनके चेहरे में मधुमक्खियां ने बुरी तरह काट दिया। इस घटना के तुरंत बाद उनके परिजनों ने निजी वाहन से पीड़ित बालक को जिला अस्पताल पहुंचाया है। इस दौरान पीड़ित बालक बसंत कुर्रे की मां ने बताया कि बालक बचपन से मानसिक रूप से विक्षिप्तहै जिसकी वजह से वह अपने आप को हमले से बचा नहीं पाया और बुरी तरह जख्मी हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु रिफर कर दिया गया है।

# टीबी टॉस्क फोर्स की बैठक में 100 दिन के कार्यक्रम की तय रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में सोमवार आयोजित की गई, जिसमें 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।

आयोजित अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के माध्यम से टीबी के उच्च जोखिम समूह का सघन सर्वे कर लाईन लिस्ट तैयार किया जाएगा। तत्पश्चात स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन सभी लोगों का चेस्ट एक्सरे के माध्यम से जांच किया जाएगा। एक्सरे जांच में धनात्मक पाये जाने पर उनका बलगम जांच करा कर टीबी रोग की पहचान की जाएगी। साथ ही उक्त अभियान में पंजीकृत टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं उनके टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकां से भी अपील किया है कि



टीबी मुक्त भारत अभियान में अपनी भागीदारी प्रदान करें, ताकि कांकेर जिला टीबी रोग से मुक्त हो सके।

आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर, एसडीएम अरुण वर्मा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. केके ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, जिला खनिज अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# कोंडागांव के शिक्षकों की आवाज रायपुर महासभा में जमकर गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/रायपुर

■ विधायक पुरंदर मिश्रा ने दिया आश्वासन

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय महासभा में कोंडागांव जिले के शिक्षकों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रथम नियुक्ति से पेंशन की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। इस महासभा में प्रदेशभर से आए सैकड़ों शिक्षकों के साथ कोंडागांव के पदाधिकारी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। महासभा में कोंडागांव जिले के शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि वर्तमान व्यवस्था में संविलियन तिथि 1 जुलाई 2018 से सेवा गणना होने के कारण कई शिक्षक पेंशन से वंचित हो रहे हैं। इसलिए प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की मांग प्रमुखता से रखी गई। मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे जल्द ही शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराई जाएगी। शिक्षामंत्री द्वारा दिए गए बयान सरकार टीईटी के मामले का समाधान निकालेगी का महासभा में सकारात्मक रूप से स्वागत किया गया। शिक्षकों ने मांग रखी कि 6 माह का बी.एड कोर्स शुरू किया जाए, ओपन बोर्ड के माध्यम से पत्रचार कोर्स की सुविधा मिले। महासभा में यह तय किया गया कि शिक्षकों की मांगों को लेकर रणनीति बनाकर लगातार आंदोलन किया जाएगा, ताकि न्यायसंगत अधिकार प्राप्त किए जा सकें।



### प्रमुख मांगें व महासभा में उठे मुद्दे

प्रथम नियुक्ति से पेंशन की गणना, 20 वर्ष सेवा पर पूर्ण पेंशन 50 प्रतिशत वेतन, क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान, पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी, सेवा अवधि 65 वर्ष करने की मांग, विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करना, डी.एड/बी.एड पाठ्यक्रम की व्यवस्था न्यायालय के निर्णयों का हवाला महासभा में बताया गया कि उच्च न्यायालय ने भी पेंशन को स्थगित पारिश्रमिक माना है, इसलिए पूर्व सेवा को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

### जिले से रही बड़ी भागीदारी

महासभा में कोंडागांव जिले से ऋषिदेव सिंह जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चन्द्रकांत ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, अखिलेश राय, यादवेन्द्र सिंह यादव, संजय राठौर, दंतेश्वरी नायडू, ज्योति राव, सुरेंद्र ठाकुर, नरेश ठाकुर, अशोक साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष

### डेडलाइन खत्म हुए...

नक्सलियों का एक समूह बांस कटाई के दौरान कूपवार वसूली कर रहा है। यानी जंगल में बांस की कटाई करने वाले ठेकेदारों या मजदूरों से अवैध रूप से पैसे लिए जा रहे हैं। हालांकि इस मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन प्रभावित गांवों में यह बात तेजी से फैल रही है।

### नशे में लापरवाही से ...

रितिक की जान ले ली। हादसे के बाद आरोपी उपयोग में लाए ट्रक सीजी 04 एलडी 5769 गोड़वाना भवन के सामने छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### दो ट्रकों की आमने-सामने...

करता हूं और 4 अप्रैल को ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 9592 में आयरन गिट्टी भरकर जगदलपुर से रायपुर के लिए निकला था। अगले दिन 5 अप्रैल को 10.30 बजे कांकेर बाईपास रोड मे मनकेशरी चौक के पास पहुंचा था कि रायपुर की ओर से आ रही ट्रक क्रमाक सीजी 04 जेडी 5592 का चालक सागर नेताम निवासी श्यामतराई धमतरी ने अपने ट्रक को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरे ट्रक का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है एंव मुझे दाहिने हाथ मे चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सागर नेताम के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### धर्मांतरण के आरोपों से...

और भय का इस्तेमाल शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि सहायिका द्वारा छोटे बच्चों से ईसाई प्रार्थना करवाई जा रही है और उन्हें पारंपरिक धार्मिक प्रतीकों जैसे बिंदी और प्रसाद से दूर रखा जा रहा है। इसे ग्रामीण अपनी संस्कृति और परंपराओं पर सीधा आघात मान रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### आम बीनने पर विवाद, दो...

के साथ मेरे बड़े ससुर रामगुलाब पटेल, उनका लड़का अनिल पटेल, बहु रेखा पटेल के द्वारा गाली एवं जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामगुलाब पटेल, अनिल पटेल और रेखा पटेल के खिलाफ धारा 296, 117 (2), 3 (5), 351 (2), (3) बीएनएस बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### विजेताओं के खाते में भेजी गई राशि

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में 22 मार्च को हुई हैरिटेज मैराथन में देश-विदेश के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। जारी सरकारी बयान में बताया गया कि विदेशी प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि का भुगतान 25 मार्च को किया गया, जिसमें आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कटौतियां की गईं। इसी प्रकार भारतीय विजेता प्रतिभागियों को शेष राशि का भुगतान 4 अप्रैल को उनके बैंक खातों में किया गया। कटौती की गई समस्त कर राशि शासन के खजाने में जमा कर दी गई है। प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागी विजेता घोषित हुए जिसमें विदेशी प्रतिभागी 19 थे जिनमें सभी को पूर्ण राशि भुगतान कर दी गई है। भारतीय 111 विजेता प्रतिभागियों में से 105 प्रतिभागियों से खाता क्रमांक प्राप्त कर उन्हे भुगतान किया गया है। शेष 6 प्रतिभागियों से खाता क्रमांक प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही हैं।

### पुनर्वासित हितग्राहियों ने अपनों से की मुलाकात



**दंतेवाड़ा।** जिला जेल में आज एक भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे पुनर्वासित हितग्राही अपने सगे रिश्तेदारों से मिलने पहुंचे, जो वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं। लंबे समय बाद अपनों से इस मिलन ने सभी के चेहरे पर खुशी, अपनापन और संतोष की झलक साफ दिखाई दी। इस अवसर पर परिजन अपने साथ फल एवं अन्य सामग्री लेकर आए थे, जिससे यह मुलाकात और भी आत्मीय बन गई। कुल 17 हितग्राहियों को उनके परिजनों से मिलवाया गया। इस पहल ने न केवल उनके मनोबल को बढ़ाया, बल्कि उन्हें भावनात्मक संबल भी प्रदान किया। मुलाकात के दौरान हितग्राहियों ने अपने परिवारजनों को बताया कि वे वर्तमान में लाइवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह पहल राज्य शासन की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भटके हुए व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। ऐसे कार्यक्रम न केवल पारिवारिक संबंधों को पुनर्जीवित करते हैं, बल्कि हितग्राहियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति आशा का संचार भी करते हैं। जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से यह बताती है कि पुनर्वास की प्रक्रिया केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर है।

# ट्रैफिक समस्या पर कांग्रेस आक्रामक, मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

## व्यवस्था नहीं सुधरी तो हारम और पनेड़ा-गुमडा चौक पर चक्का जाम

जिले के गीदम नगर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि गीदम नगर चार राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडिशा को जोड़ने वाला प्रमुख जंक्शन है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। नगरनार स्टील प्लांट संचालन शुरू होने के बाद भारी वाहनों जैसे ट्रेलर और ट्रकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। पूर्व में इस समस्या को लेकर पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के साथ चर्चा भी की गई थी जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने ने प्रशासन से मांग की है कि हारम चौक, गीदम नगर और पनेड़ा-गुमडा चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थायी रूप से ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए और ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएं, ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संकेतक और स्पीड कंट्रोल जैसे उपाय भी लागू किए जाएं। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा हारम चौक और पनेड़ा-गुमडा चौक में चक्का जाम किया जाएगा।



**ये रहे मौजूद**

इस दौरान महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, महामंत्री रविश सुराना, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, पार्षद इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, संजय विश्वकर्मा, जिला महासचिव अविनाश सरकार, गोलू ठाकुर, रौशन पवार, ऋषभ सुराना समेत अन्य उपस्थित रहे।

## ताड़मेटला में शहीद स्मारक का लोकार्पण

# शांति, विश्वास और प्रगति की पहचान बनेगा ताड़मेटला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





यह बदलाव दर्शाता है कि जिस ताड़मेटला में कभी भय और हिंसा का साया था, वहां अब प्रशासन की सक्रियता और विकास योजनाओं के माध्यम से शांति, विश्वास और प्रगति की नई शुरुआत हो चुकी है। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने आयोजन कार्यक्रम में कहीं।

- 76 शहीदों की स्मृति में बना गौरव स्मारक, सीआरपीएफ डीजी ने किया उद्घाटन

ताड़मेटला में 6 अप्रैल 2010 के हमले में शहीद हुए 76 वीर जवानों को आज भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने ताड़मेटला में निर्मित शहीद स्मारक का उद्घाटन किया। लंबे समय तक नक्सल हिंसा के लिए कुख्यात रहे इस क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति और सम्मान से भर दिया।

कार्यक्रम में एडीजी छत्तीसगढ़ विवेकानंद सिन्हा, बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, आईजी सीआरपीएफ शालिन, सीआरपीएफ डीआईजी आनंद राजपुरोहित, एसके सिंह, कलेक्टर अमित कुमार, जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर सहित सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश की सुरक्षा और एकता का अमूल्य आधार है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि ताड़मेटला अब शांति और विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में विकास को गति देने के लिए बीटी रोड निर्माण हेतु 4 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसका कार्य एक माह के भीतर प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही पीएम आवास योजना के तहत 50 से अधिक घरों का निर्माण जारी है, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध हो रहा है। प्रशासन द्वारा गांव में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है। पंचायत भवन, पीडीएस भवन और प्राथमिक स्कूल का निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जबकि आगामी महीनों में दो स्कूल और तीन आंगनबाड़ी केंद्र अपने नए भवनों में संचालित होंगे। इसके अलावा गांव से ही राशन वितरण की व्यवस्था शुरू कर दी गई है, जिससे ग्रामीणों को अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

**उज्ज्वल भविष्य का संकेत**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ताड़मेटला के सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। यह बदलाव दर्शाता है कि जिस ताड़मेटला में कभी भय और हिंसा का साया था, वहां अब प्रशासन की सक्रियता और विकास योजनाओं के माध्यम से शांति, विश्वास और प्रगति की नई शुरुआत हो चुकी है। शहीद स्मारक अब न केवल बलिदान का प्रतीक है, बल्कि नए ताड़मेटला के उज्ज्वल भविष्य का संदेश भी दे रहा है।

# दुलेड़, मिनपा और एलमागुंडा पंचायतों का प्रशासनिक अमले ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के दुरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने एवं निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दुलेड़ पंचायत का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्माणाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं आंगनबाड़ी भवन का बारीकी से जायजा लिया गया और संबंधित विभागों को कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए गांव में चौपाल लगाकर जनसमस्याओं को सुना। ग्रामीणों की समस्याओं पर तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों के निराकरण हेतु संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष देखने को मिला।

इसके पश्चात अधिकारियों द्वारा मिनपा पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र एवं स्कूलों का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का आकलन कर आवश्यक सुधार हेतु संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए।

दौरे के अंतिम चरण में अधिकारियों ने एलमागुंडा पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और गति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस निरीक्षण एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमित ध्रुव, एबीईओ पी. श्रीनिवास राव, सीडीपीओ रितेश टंडन, तहसीलदार योपेंद्र पात्रे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**युवाओं को दिए क्रिकेट किट**

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने गांव के युवाओं से मुलाकात कर उन्हें खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। युवाओं के उत्साहवर्धन हेतु क्रिकेट किट का वितरण भी किया गया। प्रशासन की इस पहल को युवाओं ने सराहनीय बताया और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में इसे महत्वपूर्ण कदम माना।

# मेगाफोन से गूंजा जागरूकता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम मिरतुर साप्ताहिक बाजार में बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा मलेरिया जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मेगाफोन के माध्यम से ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने स्थानीय हल्बी एवं गोंडी भाषा का उपयोग करते हुए सरल और प्रभावी तरीके से संदेश पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में बेहतर समझ विकसित हुई और वे अधिक जागरूक बने।

- मिरतुर साप्ताहिक बाजार में बीजादूतीर स्वयंसेवकों का मलेरिया रोकथाम अभियान

अभियान के दौरान लोगों को मच्छरदानी के नियमित उपयोग, आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, ठहरे हुए पानी को हटाने तथा समय पर जांच एवं उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल से साप्ताहिक बाजार में उपस्थित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मलेरिया रोकथाम के प्रति सकारात्मक व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। नगर के प्रमुख चौराहों से लेकर ग्रामीण अंचलों के बूथों तक पार्टी का केसरिया ध्वज फहराया गया। मंडल स्तर का मुख्य आधिकारिक कार्यक्रम नगर के हृदय स्थल घड़ी चौक स्थित सांसद कार्यालय में संपन्न हुआ, जहां वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में संगठन की मजबूती का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस दौरान मंडल के पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों और 'अंत्योदय' की परिकल्पना पर विस्तार से चर्चा की।

समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने कहा कि 1980 में अपनी स्थापना के बाद से भाजपा ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर विकास और जनसेवा ही हमारा मुख्य लक्ष्य है, जिसे हम केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से धरातल पर उतार रहे हैं।

विधायक प्रतिनिधि निलेश पटले ने संगठन के विस्तार पर जोर दिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनसिंह नाग ने पार्टी द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम जैन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बीना साहू, पार्षद श्यामलाल सेठिया, पूर्व मंडल महामंत्री मनोज सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री गीतांजलि जायसवाल, युवा मोर्चा जिला मंत्री नरेश चौहान तथा मंडल मंत्री दिव्यो दुर्गा ने भी वक्तव्य रखते हुए जनसेवा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई तथा एक स्वर में आगामी सांगठनिक कार्यों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# जर्जर सड़क के चलते लोगों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



बैलाडीला क्षेत्र में ट्रक मालिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। लोडिंग प्लांट से टेलिंग डैम होते हुए मुख्य मार्ग तक की सड़क जर्जर है। आए दिन ट्रकों में टूट-फूट, टायर फटना आम बात हो गई है। ट्रक मालिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में कोई काम नजर नहीं आ रहा। यदि समय रहते सड़क नहीं बनी तो आने वाले बारिश के मौसम में कामकाज ठप पड़ सकता है। ट्रक मालिक उमेश सिंह गौतम ने कहा है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो 2000 परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा संकट आ जाएगा। बरसात में काम बंद होगा तो आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीटीओए के पदाधिकारी भी ट्रक मालिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। बचेली नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कई बार इस समस्या को उठाया। चुनावी घोषणा पत्र में बीटीओए अध्यक्ष द्वारा सड़क निर्माण का वादा किया था लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। अब ट्रक मालिकों ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

- ट्रक मालिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

### दिव्यांगजनों के उपचार परीक्षण के लिए होंगे शिविर

**बीजापुर।** उप संचालक समाज कल्याण विभाग जिला बीजापुर द्वारा दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान एवं उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु ब्लॉक स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, पंजीयन, यूडीआईडी कार्ड निर्माण, मूल्यांकन परीक्षण तथा आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। साथ ही नवीन पेंशन प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह शिविर 13 अप्रैल को बीजापुर ब्लॉक के पाडिया, 14 अप्रैल को भैरमगढ़ ब्लॉक के फरसेगढ़, 16 अप्रैल को भोपालपटनम ब्लॉक के दम्मूर एवं 22 अप्रैल को उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर में आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे।

# बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से है : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा





बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झारउमरगाव में आयोजित पारंपरिक बाली कार्यक्रम में विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल की उपस्थिति रही। उनके आगमन पर ग्राम प्रमुखों, माता-बहनों एवं ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपनी समृद्ध संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर माताओं-बहनों एवं ग्रामीणों ने लोक परंपराओं के अनुसार तिलक लगाकर एवं फूल माला पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। उन्होंने ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

- झारउमरगाव में पारंपरिक बाली कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से है। बाली कार्यक्रम हमारे पूर्वजों की देन है, जिसमें गांव के छोटे-बड़े देवी-देवताओं को एकत्र कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे गांव में रोग-दोष दूर हों और सभी नर-नारी के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होने से मन को शांति और आत्मिक संतोष प्राप्त होता है। हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित देवी-देवताओं की आराधना और ग्राम संस्कृति आज भी जीवंत है, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इन परंपराओं को संजोकर रखें और आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाएं।

युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जब युवा अपनी संस्कृति को समझेंगे और उससे जुड़ेंगे, तभी वे इसे आगे बढ़ा पाएंगे। सामूहिक सहभागिता से ही हमारी सांस्कृतिक धरोहर मजबूत होगी। इस दौरान ग्राम पंचायत बालेगा में छेदी लाल बघेल के पुत्र के विवाह कार्यक्रम में भी विधायक शामिल हुए और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुकरू राम बघेल, सरपंच सोनसीरा कर्मा, माता पुजारी जगबंदु कश्यप, माटी पुजारी बलदेव बघेल, सुवर्ना बघेल, खगेश्वर कर्मा, कृष्ण कुमार बघेल, तुलसीराम ठाकुर, जितेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, माताएं-बहने एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एपीके ऐप से 9.28 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** मोबाइल फोन में फर्जी एपीके ऐप भेजकर ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपी ने मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 9 लाख 28 हजार 500 की धोखाधड़ी की थी। प्रार्थी जशपुर के महुआ टोला निवासी 50 वर्षीय बिरेंद्र खलको हाल निवास नेहरू नगर नारायणपुर ने थाना भानुप्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि उन्होंने 24 जनवरी को मोबाइल पर एक एपीके ऐप भेजा गया, जिसे डाउनलोड करने के बाद उनका फोन हैक हो गया। इसके बाद आरोपी ने उनकी पत्नी के बैंक खाते से, जो मोबाइल नंबर से लिंक था और जिसमें फोन पे, गुगल पे और एसबीआई योनो का उपयोग होता था, अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 9.28 लाख रूपएं निकाल लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी शेरबहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### मृत्यु व घायल के प्रकरणों परआर्थिक सहायता मंजूर

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले द्वारा भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम भैंसमुण्डी, चौकी कच्चे निवासी धर्मेन्द्र कोला की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सोहन्तिन के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि और सड़क दुर्घटना में घायल भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कराठी निवासी शत्रुघन जैन और पखांजूर तहसील के ग्राम डोण्डे निवासी राजू मण्डल को 10-10 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने की कंट्रोल रूम स्थापित, टोल फ्री नंबर जारी

कांकेर। ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, इसके साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या होने अथवा ग्राम में हैंडपंप खराब व बंद होने की शिकायत होने पर टोल फ्री नंबर 1916 अथवा 1800-2330008 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर जयंत कुमार टिकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उनका मोबाइल नंबर 78049-74088 है, उक्त नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार उप खंड कांकेर राजेश हिरकने, मोबाइल नंबर 91315-97074, विकासखण्ड कांकेर स्तर पर प्रकाश कुमार कुमेटी मोबाइल नंबर 94062-32519 एवं अविनाश त्रिपाठी मोबाइल नंबर 700086-63604, विकासखण्ड नरहरपुर कविता कुलदीप मोबाइल नंबर 93031-54329, विकासखण्ड चारामा प्रकाश कुमार कुमेटी मोबाइल नंबर 94062-32519, विकासखण्ड एवं उप खंड भानुप्रतापपुर वाय.के. गुरू मोबाइल नंबर 94242-89412, उपखंड अंतागढ़ बलराज दरवाड़े मोबाइल नंबर 82696-59898, विकासखण्ड अंतागढ़ तुलाराम मधुकर मोबाइल नंबर 88270-79979 एवं अविनाश त्रिपाठी मोबाइल नंबर 70008-63604 तथा विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के लिए कपिल नेताम को नोडल अधिकारी बनाया गया है, उनका मोबाइल नंबर 97709-06721 जारी किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भानुप्रतापपुर में भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

मंडल मुख्यालय भानुप्रतापपुर में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर मंडल के समस्त 64 मतदान केंद्रों सहित मंडल मुख्यालय में भाजपा का ध्वज फहराया गया।कार्यक्रम के तहत मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने मंडल मुख्यालय में विधिवत रूप से भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी तक के गौरवशाली सफर को याद किया। इस दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह तथा नरेंद्र मोदी के योगदान का स्मरण करते हुए उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश में विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा विश्व स्तर पर सुदृढ़ हुई है। कार्यक्रम में महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, अरविंद जैन, छत्रप्रताप दुग्गा, कस्तूर चंद जैन, हेमप्रकाश शिवहरे, रत्नेश सिंह, गजानंद डड़सेना, प्रदीप जैन, शकुन्तला ऊके, योगेश सोनवानी, सुमित्रा साहू, कौशल्या उईके, संगीता टांडिया, गिरजा देवी साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### संबलपुर शक्ति केन्द्र के पांच बूथों में स्थापना दिवस मनाया

भानुप्रतापपुर। मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र संबलपुर के विभिन्न बूथों में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का ध्वज फहराया गया तथा उपस्थित लोगों को भाजपा के स्थापना दिवस के महत्व और इतिहास की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत बूथ क्रमांक 77 में प्रभारी संतोष बाजपेयी, बूथ क्रमांक 79 में अनीस मिश्रा, बूथ क्रमांक 54 तुडगे में योगेंद्र यादव, बूथ क्रमांक 73 बांसला में शैलेन्द्र पुनिया एवं बूथ क्रमांक 74 में संदीप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। शक्ति केंद्र संबलपुर के सभी पांचों बूथों में आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। सभी ने मिलकर पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, जिला सह कोषाध्यक्ष भीखम आरदे, तुडगे से कैलाश कोठरी, तुकाराम कोठरी, बांसला से चिन्टू देहारी, कोमल जैन, संबलपुर से जनपद सदस्य गिरिजा देवी साहू, महेश सिन्हा, रामू साहू, महेश साहू, यशवंत कोरेटी सहित भाजपा के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत माता एवं पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्यय

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया, जगह-जगह किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी दुर्गुकोंदल मंडल के द्वारा पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण कर भारत माता एवं पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्यय और महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। दुर्गुकोंदल ब्लॉक के सभी पोलिंग बूथों में प्रभारी नियुक्त कर भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया और कार्यकर्त्ताओ के घरों मे भाजपा का झंडा लहराया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना काल से लेकर वर्तमान तक के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी है, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्र सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाना है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास राजु नायक ने कहा कि आज हम सभी भारतीय जनता पार्टी के स्थापना



दिवस के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक राजनीतिक दल का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प का दिन है। यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और राष्ट्र प्रथम के संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन, महामंत्री शकुंतला नरेटी, रामचंद्र कल्लो, मंडल उपाध्यक्ष शिरो कोमरे, मंडल मंत्री रघुनाथ मंडावी, तुकाराम पटेल, विजय पटेल, तुलसी मतलामी, मनोज बघेल, सरपंच मुकेश नरेटी, बीरेंद्र जैन, सानू नेताम, देवराज गावड़े, सहित समस्त भाजपा के समस्त मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बरहेली पोलिंग बूथ में स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

दुर्गुकोंदल। क्षेत्र के बरहेली पोलिंग बूथ में 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शकुन्तला नरेटी, सिरो कोमरे, नेमचंद्र दर्रो, चिमन यादव, लोमन दर्रो, मुरहा राम दर्रो, छब्बी लाल यादव, अजय दर्रो, योगेश बघेल तथा बाजूराम पुड़ो सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पार्टी के स्थापना दिवस को यादगार बनाने में सहयोग दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पार्टी की विचारधारा एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई और साथ ही आपसी एकता और संगठन को मजबूत करने का संदेश भी दिया गया।



### जामगांव के अटल चौक पर भाजपा का ध्वजारोहण

सरोना। नरहरपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम जामगांव में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। अटल चौक पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और देशभक्ति के साथ-साथ संगठन की मजबूत नींव का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा का संकल्प दोहराया, जो पार्टी के मूल मंत्र और भविष्य की दिशा का प्रतीक है।

# विषय चयन और भविष्य निर्माण पर विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में 6 अप्रैल को करियर परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों को विषय चयन के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था।

बैठक में विद्यालय के विषय विशेषज्ञों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को साइंस, मैथ्स, कॉमर्स एवं आर्ट्स के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि प्रत्येक विषय का अपना महत्व है और छात्रों को अपनी रुचि, क्षमता तथा भविष्य के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विषय का चयन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यह भी बताया गया कि साइंस विषय से चिकित्सा, इंजीनियरिंग और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में अवसर प्राप्त होते हैं, जबकि कॉमर्स से व्यापार, बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है। वहीं आर्ट्स विषय के माध्यम से प्रशासनिक सेवाएं, शिक्षण एवं सामाजिक क्षेत्रों में भी बेहतर संभावनाएं उपलब्ध हैं। मैथ्स विषय के महत्व को भी विशेष रूप से समझाया गया, जो कई प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं और तकनीकी क्षेत्रों के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों ने इस बैठक में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने मन में उठ रहे विभिन्न प्रश्नों को शिक्षकों के सामने रखा। शिक्षकों ने उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि जीवन में सही निर्णय लेना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और विषय चयन उसी दिशा में पहला कदम है। करियर परामर्श बैठक विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुई, जिससे उन्हें अपने भविष्य की स्पष्ट दिशा तय करने में मदद मिली।

# अंतागढ़ की शिक्षिकाओं को मिला नवाजतन वॉरियर्स शिक्षक सम्मान




**अंतागढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विकासखंड अंतागढ़ की दो शिक्षिकाओं ने राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित नवाजतन वॉरियर्स शिक्षक सम्मान 2026 में लीला कोसमा प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय कलगांव और कुसुमलता देवांगन सहायक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय कुहचे का चयन राज्य स्तरीय सम्मान के लिए किया गया है। नवंबर माह में शुरू हुए इस अभियान के तहत शिक्षकों ने अपनी कक्षाओं के 100 प्रतिशत विद्यार्थियों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के मानकों में दक्ष बनाने का संकल्प लिया था। इस दिशा में अंतागढ़ की इन शिक्षिकाओं ने कड़ी मेहनत और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों के जरिए उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए। जिला कांकेर से कुल 43 शिक्षकों ने इस अभियान में भाग लिया, जिनमें से 15 शिक्षकों की कक्षाओं का गहन शैक्षणिक मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार आयोजित किया गया, जिसके बाद जिले से चार शिक्षकों का चयन राज्य स्तरीय सम्मान हेतु किया गया। इनमें अंतागढ़ की दोनों शिक्षिकाएं शीर्ष स्थान पर रहीं। पूरी मूल्यांकन प्रक्रिया का संचालन राज्य नवाजतन के कोर सदस्य शेख अमजद, पूर्णिमा गेडाम और रूपेश ठाकुर द्वारा किया गया। शिक्षण गुणवत्ता, विद्यार्थियों की प्रगति और नवाचार को आधार बनाकर चयन किया गया। इस उपलब्धि से विकासखंड अंतागढ़ सहित पूरे कांकेर जिले में खुशी का माहौल है। विभागीय अधिकारियों और साथी शिक्षकों ने दोनों शिक्षिकाओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों दिल्ली में निकाली रैली, किया प्रदर्शन




**दुर्गुकोंदल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को देशभर के शिक्षकों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की। इस देशव्यापी आंदोलन में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। रैली में शामिल शिक्षकों ने केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नो टेट बिफोर आरटीई एक्ट जैसे नारे लगाए।

सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि इस आंदोलन में देशभर से लगभग 20 लाख शिक्षक शामिल हुए, जिनमें छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले सहित कई जिलों के शिक्षक भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता थोपना उनके साथ अन्याय है। 30-35 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को पुनः परीक्षा देने के लिए बाध्य करना उनकी गरिमा और अनुभव की अनदेखी है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों और 146 विकासखंडों से शिक्षक अलग-अलग माध्यमों से दिल्ली पहुंचे। शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि उनकी सेवा अवधि और अनुभव को ध्यान में रखते हुए टेट अनिवार्यता समाप्त की जाए तथा पुराने शिक्षकों को राहत दी जाए। आंदोलन के माध्यम से शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में आंदोलन और भी तेज किया जाएगा।

> ■ शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर छग के146 विकासखंडों से शिक्षक हुए शामिल

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बदल रहा कमारों का जीवन स्तर

**कांकेर ।** पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मावलीपारा, बिहावापारा, मारवाड़ी, धनोरा, सांईमुण्डा, मुसुरपुट्टा, दुधावा, बासनवाही, गंवरसिल्ली, भैंसमुण्डी, दलदली, बादल और डोमपदर इत्यादि 13 ग्रामों में निवासरत विशेष रूप से पिछड़ी कमार जनजातियों के विकास के लिए केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

कमार जनजातीय परिवार कभी बुनियादी सुविधाओं से वंचित था, बांस शिल्प और मजदूरी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। वहां अब नल-जल योजनांतर्गत प्रत्येक घरों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई गई है। इन सभी 13 ग्रामों कमार जनजाति के 72 परिवार निवास करते हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 283 है, जिनके जीवन स्तर में सुधार के लिए पीएम-जनमन मिशन के अंतर्गत व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। बांस शिल्प, कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर इस समुदाय को अब विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए गए हैं। 09 केंद्रीय मंत्रालयों के समन्वय से संचालित 11 प्रमुख गतिविधियों के माध्यम से सभी पीवीटीजी परिवारों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 22 पक्के आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। भैंसमुण्डी के इतवारूराम शोरी, मुसुरपुट्टा के पनकूराम मरकाम, सरजूराम मरकाम, प्रभुराम मरकाम, राजमन, राधुराम एवं सगराम शोरी, डोमपदर के मुकेश कुमार नेताम, दलदली के कमलाबाई कमार, भीमाडीह के सोनईबाई शोरी, मावलीपारा के देवलीबाई नेताम, मोतीलाल नेताम, लखनराम नेताम एवं अंजोरसिंह मरकाम, सांईमुण्डा के नवलसिंह शोरी, दुकाल नेताम और झनकीन नेताम, भीमाडीह के काशीराम मरकाम, सुकमन मरकाम, प्रेमबाई शोरी,, बादल के देवेन सिंग कुंजाम और रेवती बाई को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया गया है। कमार जनजातीय बाहुल्य इन ग्रामों में सड़कों के निर्माण से गांवों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ हुई है। दलदली से कमारपारा दलदली, भीमापारा से बासनवाही के बाजारपारा, मावलीपारा के आवासपारा से कमारपारा, गंवरसिल्ली से गंवरसिल्ली खासपारा तक सड़क निर्माण हुआ है। कमार परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाते, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि आवश्यक सेवाओं से भी इस समुदाय के सदस्यों को जोड़ा गया है।



## सदस्यों का गोत्र सहित परिचय कराया गया

# यादव समाज मरकाटोला कोरर सम्मेलन में रणनीति तय, छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

कोरर क्षेत्र के मरकाटोला में यादव समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन का आयोजन 4 अप्रैल से प्रारंभ होकर दूसरे दिन विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं विकासात्मक विषयों के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर गत वर्ष के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया और साथ ही स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने वाले राहुल यादव तथा विपरीत परिस्थितियों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर वकालत के क्षेत्र में सफलता हासिल



करने वाली कोकानपुर की एक बेटी को भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिवस का शुभारंभ के उपरांत प्रत्येक परिवार का पंजीयन एवं वार्षिक सर्वे पूर्ण किया गया तथा सभी सदस्यों का गोत्र सहित परिचय कराया गया। साथ ही सामाजिक प्रकरणों का निपटारा भी किया गया। द्वितीय दिवस में भी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के उपरांत युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें स्वरोजगार के अवसर, वित्तीय प्रबंधन एवं बचत, समाज के विकास में युवाओं की भूमिका, तथा बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद की कमी जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सभा के दौरान यादव समाज की नियमावली का वाचन अध्यक्ष द्वारा किया गया। सभापति चमन यादव ने समाज को एकजुट रहने, अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने एवं गौपालन को अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में समाज सुधार एवं विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें शराब सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध, प्रत्येक विवाह में नव दंपति को श्रीमद्भागवत गीता भेंट करना, शादी में अनावश्यक कपड़ों के वितरण पर रोक, बड़े डीजे सिस्टम पर प्रतिबंध तथा प्रत्येक बच्चे को कम से कम हायर सेकंडरी तक शिक्षा दिलाना अनिवार्य करने जैसे निर्णय शामिल हैं। अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि यह उनके कार्यकाल का पहला वार्षिक सम्मेलन है, जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास, उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया है।

